भारतीय जनता पार्टी एक विशाल वृक्ष है : जीतमल प्रजापत

बिजयनगर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी मंडल बिजयनगर के तत्वाधान मेंबुधवार को महाराजा पैलेस परिसर मे सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन कि अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिलाअध्यक्ष जीतमल प्रजापत व मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश भर मे प्रत्येक मंडल स्तर पर पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है भाजपा मण्डल द्वारा आज सक्रिय सदस्य सम्मेलन किया है सम्मेलन मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान करना एव प्रत्येक बूथ सदस्यो को पार्टी के मुख्य धारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में वार्ड नं 19 काठोंस महिला पार्षद ललीता छीपा व कांठोस नेता लक्ष्मीकांत छिपा ने भाजपा की सदस्यता विधिवत तरीके से ठाहण की। इस मौके जीतमल प्रजापत, जिलाध्यक्ष अध्यक्ष, विरेन्द्र सिंह कानावत, मसूदा विधायक, सुभाष वर्मा जिला उपाध्यक्ष, जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड, नगर पालिका अनिता मेवाडा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्जुन नलिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित मोदी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश गुर्जर, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष यश मीणा, पूर्व प्रधान प्रहलाद शर्मा , पूर्व जिला मंत्री मिठ्ठु लाल रांका , मदन गोपाल बाल्दी, चतरसिंह पिपाड़ा, ओम प्रकाश जेदिया ,नोरत लोढा, प्रताप सिंह, सत्यानारायण सिंधल ललीत कुमार शर्मा, रूपचन्द नाबेडा, ओम प्रकाश शर्मा, गोपाल साहू, सुशिल खटोड, देवकी तोलाणी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रितम बडौला , अनिल संचेती, महेन्द्र पंवार, अमित लोढा ,कैलाश नवाल, राधेश्याम त्रिपाठी, रतन चौधरी, करण सिंह, धनराज कावडिया, विनोद कच्छावा, रामस्वरूप मेवाडा, ताराचन्द लुणावत, चित्रा टेलर, श्यामा देवी वैष्णव, प्रियंका शर्मा, किरण बावट, अशोक अठावाल, महिलाध्यक्ष मुकेश कंवर, भँवर सिंह राठौड, विनोद कच्छावा, सतीश ओझा, हितेश मेवाडा, ज्ञानचन्द प्रजापत, नगर पालिका पार्षद मनीष वैष्णव, मनोहर कोगटा, राजकुमार आसवानी, विक्रम सिंह, खेमराज गुर्ज,र शिवप्रसाद वैष्णव, रामूकवर, निकिता पिपाडा, लोकेश पिपाडा, भरत, मोहित गोखरू, काना मेहता, राजेन्द्र, गोपाल रावत, सुरेश राम चन्दाणी, रामलाल जागिड, धनश्याम शर्मा, विश्व नाथ पाराशर, प्रदीप सिंह भदौरिया, गोविन्द राम बैरवा, सुनिल, चन्द्र प्रकाश बैरवा, हिमांशु कटारा, राहुल आगीवाल, मुकेश बिलवाडिया, गोविन्द, अर्पित गर्ग, राकेश बाल्दी, चेतन, सुरेश चन्द छीपा, राकेश छीपा, सुर्यप्रकाश बघेरवाल, रिंकू छीपा, हिरा लाल छीपा, बाला प्रसाद छीपा, शेर सिंह राठौड, सुमेर, कुबेर सिंह, मेघराज दमामी व ज्ञानचन्द शर्मा आदि गणमान्य नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम समापन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी द्वारा समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।



भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ता।

■ कांग्रेस महिला पार्षद ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता की ग्रहण

जियो और जीने दो का दिया संदेश

अजमेर, (कासं)। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की पूर्व संध्या पर बुधवार दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के पदाधिकारियों द्वारा भगवान महावीर के जियो और जीने दो के संदेश को प्रचारित करने के लिए 700 से अधिक छोटे व बड़े वाहनों पर स्टीकर लगाए।

दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व संध्या पर भगवान महावीर के संदेश को प्रसारित करने हेतु बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट के सामने छोटे व बड़े वाहनों पर स्टीकर लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक पीसी जैन गंगवाल रहे।

जैन ने बताया कि एक हजार से अधिक वाहनों पर स्टीकर लगाने का लक्ष्य रखा गयाए अब तक करीब 700 से अधिक वाहनों पर स्टीकर लगाए गए हैं। वाहनों पर स्टीकर लगाने हेतु दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाटनी, मनोज मुड़ासिया, महेंद्र काला, राजेंद्र पाटनी, राजकुमार लुहाडिय़ा, अनिल गंगवाल, रूपश्री जैन, सुनीता जैन, रिंकु सेठी ने सहयोग प्रदान किया।

मेवाड़ा का स्वागत

बिजयनगर, (निसं)। अखिल भारतीय जायसवाल- कलाल (सर्ववर्गीय) महाससभा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप मेवाड़ा का बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया गया ।महाराजा पैलेस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजमेर देहात जीतमल प्रजापत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, नगर पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा ने माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्जुन नलिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश कंवर राठौड़, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश गुर्जर,मिट्ठू लाल रांका, युवा मोर्चा अध्यक्ष हितेश मेवाड़ा, ज्ञानचंद प्रजापत, अभिषेक रांका,सहित सभी वरिष्ठजनो ने रामस्वरूप मेवाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर स्वागत सम्मान कर्तव्यउज्जवल भविष्य की ।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला (अजमेर) राज

क्रमांकः न.प.कि./भूमि/2025/2046 **आम सूचना** दिनांकः 08/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भंवर लाल पुत्र श्री नाथू लाल ने राजकीय भूमि नियमन के तहत फ्री हॉल्ड पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो की मकराना चौराहा रूपनगढ़ रोड मदनगज किशनगढ़ में स्थित भूखण्ड/परिसर कुल क्षेत्रफल 537.70 वर्गगज है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है-

पूर्व : रूपनगढ़ रोड पश्चिम -ताराचन्द व छोगा का मकान

उत्तर : तयब का मकान दक्षिण - कानजी भाट, हजारी व रतन के मकानात

उक्त सीमा मध्य स्थित राजकीय भूमि नियमन के तहत् फ्री हॉल्ड पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद-मियाद किसी प्रकार की आपत्ति / ऐतराज मान्य नहीं होगा।

अतः सूचित रहे। प्रभारी अधिकारी नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ./भवन/24-25/19 **आपत्ति सूचना** दिनांकः 08/04/2025

श्रीमती अर्चना सेठी पत्नी श्री मुकेश सेठी निवासी 65 महावीर कॉलोनी पुष्कर रोड, अजमेर एवं श्रीमती सुनीता सेठी पत्नी श्री सुनील कुमार सेठी निवासी 33 एल.आई.सी. कॉलोनी अजमेर द्वारा एक भूखण्ड संख्या ए व बी जो थोक तेलियान की भूमि के खसरा संख्या 2190 का एक भाग है जो वाकै आनासागर सरक्यूलर रोड वैशाली नगर अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 405.20 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नगुनसार हैं।

पूर्व : सम्पति श्री विजय जैन पश्चिम -30 फुट चौड़ा रास्ता

उत्तर : खुली भूमि व कम्पाउण्ड दक्षिण - 40 फुट आम रास्ता है।

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

हनुमान जन्मोत्सव 12 को

नसीराबाद, (निसं)।नसीराबाद नगर एक बार फिर अध्यात्म, भक्ति और संस्कृति की त्रिवेणी में डूबने को तैयार है। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों - हनुमान चौक मंदिर, श्री बामणियां बालाजी धाम, और श्री वीर तेजाजी व बासक बाबा धाम (नाडा) पर 11 व 12 अप्रैल को भव्य आयोजन किए जाएंगे, जिनमें हज़ारों श्रद्धालु भाग लेंगे।

हनुमान चौक मंदिर परिसर में 11 अप्रैल को शाम 7:15 बजे से 251 आसनों पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ, दिव्य महाआरती, पुष्पवर्षा, आतिशबाज़ी और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं व माताओं के लिए अलग बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम की प्रेरणा स्वयं बालाजी महाराज की है, जबकि आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था श्री मानस मंडल, हनुयुवा वाहिनी व मंदिर सेवा समिति द्वारा की जा रही है।

12 अप्रैल, शनिवार को श्री बामणियां बालाजी धाम में प्रातः सुंदरकांड पाठ से दिन की शुरुआत होगी। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद बालाजी महाराज को मावे का विशेष केक अर्पित कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मन्दिर परिसर को दीपों व पुष्पों से सजाया जाएगा। प्रमुख पुजारी पं. सत्यप्रकाश वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में धाम में अखंड रामायण पाठ जारी है, जो जन्मोत्सव तक चलेगा। इस चमत्कारी स्थल पर हजारों श्रद्धालु उमड़ने की संभावना है।

डॉम का शिलान्यास

शाहपुरा । नगर परिषद् शाहपुरा द्वारा क्षेत्र के धरती देवरा वाटिका में सामाजिक धार्मिक कार्यों को लेकर डॉम का निर्माण करवाया जाना है। जिसका बुधवार भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा एवं नगर परिषद् सभापति रघुनन्दन सोनी द्वारा डॉम का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद् सभापति रघुनंदन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह डॉम 60 गुणा 140 फीट का बनाया जायेगा। जिसकी अनुमानित लागत 1.11 करोड है। परिषद क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण एवं पहले डॉन होगा जिसमें सामाजिक धार्मिक कार्यों को लेकर किसी भी ऋतु में कस्बेवासियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। कार्यक्रम में सांसद एवं विधायक ने शाहपुरा क्षेत्र के कराए जा रहे विकास कार्यों से आमजन को अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में परिषद् के उप सभापति राजी देवी धाकड़,भगवति प्रसाद शर्मा, योगेश पारिक, राजेश खटीक, आदि मौजुद रहे।

नगर निगम के वार्डो का परिसीमन नियम विरुद्ध, भारी अनियमितता

अजमेर, । नगर निगम के वार्डों के परिसीमन व पुनर्गठन के मामले को लेकर शहर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कलेक्टर सभागार में जिला कलेक्टर की गैर मौजूदगी में एडीएम सिटी प्रथम ज्योति ककवानी व एडीएम सिटी द्वितीय गजेंद्र सिंह राठौड़ को ज्ञापन दिया और परिसीमन वह पुनर्गठन पर आपत्ति जाहिर कर सवाल उठाए।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने दिए ज्ञापन ने बताया कि शहर के अभी हाल ही में 2025 नगर निगम वार्डों के परिसीमन पुनर्गठन में भारी अनियमितता बरती गई है। वर्ष 2025 नगर निगम वार्डों के परिसीमन पुनर्गठन प्रस्तावित हैं, उसमें जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा अजमेर शहर के 80 वार्डो का परिसीमन किया है जिसमें नियम विरुद्ध जाके अजमेर की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, ऐतिहासिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए नहीं किया गया है। अजमेर में नगर परिषद् से लेकर नगर निगम बनने तक अभी हाल ही में नगर निगम का परिसीमन प्रथम बार किया जा रहा है। तकरीबन 40 वर्ष बाद नगर निगम की सीमाओं का विस्तार होने की संभावना शहर में जगी थी लेकिन उन सबको दरकिनार करते हुए फिर से राजनीति की भेंट चढ़ गया है, जिसमें अजमेर शहर जिला कांठोस कमेटी द्वारा पूर्व में भी जिला निवार्चन अधिकारी व नगर निगम आयुक्त को एक ज्ञापन पत्र सौपा गया था। जिसमें मांग की गई थी कि अजमेर के महत्वपूर्ण संस्थानों को नगर निगम सीमा में शामिल कर अजमेर के कद को बढ़ाया जाय लेकिन उसके विपरीत नगर निगम व जिला प्रषासन द्वारा अन्देखी की गई जिसका परिणाम अजमेर की जनता पुनः 30-40 वर्ष तक भुगतने को तैयार रहे।जैन ने कहा कि वार्डो के परिसीमन/पुर्नगठन की प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए अजमेर शहर जिला कांठोस कमेटी ने एक कमेटी का गठन किया है जिसमें शहर के कई वार्डो से आपत्तियाँ प्राप्त हुई है जो कि नियमानुसार नगर निगम प्रषासन द्वारा गलतियाँ की गई है। पूरी प्रक्रिया में जिला प्रशासन ने स्वायत्तशासन विभाग के आदेशों की अवहेलना की है। कमेटी ने जाँच व अध्ययन पाया कि नगर निगम द्वारा निगम के परिसीमन/पुर्नगठन में व्याप्त भारी अनियमिताऐं के चलते अजमेर शहर जिला कांठोस कमेटी इसको सीरे से नकारती है।जैन ने चेतावनी देते हुए कहा कि राजनीति के दबाव मे आकर स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर निगम में पुर्नसीमांकन/ पुर्नगठन किया जाता है तो शहर कांठोस कमेटी इस पर बड़ा आन्दोलन खड़ा करेगी एवं कानूनी प्रक्रिया अपनाने के लिए भी स्वतन्त्र रहेगी।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1565 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 10.02.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2-ग-1, वैशाली नगर, अजमेर में श्री एम.डी. कौरानी पुत्र श्री एन.डी. कौरानी को आवंटित कर दिनांक 09.12.1985 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री एम.डी. कौरानी एच.यू.एफ. पुत्र श्री एन.डी. कौरानी द्वारा दिनांक 30.03.1999 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात श्री एम.डी. कौरानी एच.यू.एफ. (MURLIDHAR KAURANI HUF) जरिये इसके कर्ता श्री मुरलीधर कौरानी पुत्र श्री नारायण दास कौरानी जिन्हें एच. यू.एफ. कर्ता की हैसियत से सभी सदस्यों से प्राप्त सहमति द्वारा विक्रय पत्र को निष्पादित करने के समस्त अधिकार प्राप्त है। जिन्होंने उक्त आवास का बैचान श्री राजीव मालू पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण मालू को दिनांक 16.12.2024 को कर दिया गया है जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या जिल्द संख्या 2276 में पृष्ठ संख्या 97 क्रम संख्या 202403001110728 पर पंजीबद्ध कया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या जिल्द संख्या 6098 के पृष्ठ संख्या 91 से 102 पर दिनांक 16.12.2024 को वरणा किया गया।

अब श्री राजीव मालू पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण मालू ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय बैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहत पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री राजीव मालू पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण मालू का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है।

अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति में प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उत्तरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड - अजमेर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक-LU2012/ADA/2024-25/101522 **लोक सुचना** दिनांक : 09.04.2025

श्रीमति GEETA DEVI पत्नी श्री KISHAN LAL जाति GURJAR निवासी GURJARO KA BAS KAYAD AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे)
1.	कायड, अजमेर(अजमेर)	GEETA DEVI	5607/4440, 5610/4441	3267	0.3287
				कुल	0.3287

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटास किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 09-04-2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

NAME CHANGE

I, ANGAD YADAVA Residing at Vill- Majhwalia, Post- Ubhaon, Teh- Belthara Road, Dist-Ballia, State- Uttar Pradesh, Pin- 221715, have changed my Daughter name from RENU to RENU YADAV Vide Affidavit Date-08/04/2025 Before Nasirabad Court

NAME CHANGE

I, Army No.14865576H, SEP, Vaghela Bhavsinh Fulsinh, Residing at Vill-Chaklasi, Po-Ajarpura, Teh-Nadiad, Distt- Kheda , Gujarat, 387315 have change my Son's name from Vaghela Nikunj Sinh to Vaghela Nikunjsinh Bhavsinh vide affidavit No BX038576 Dt 09/04/2025 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, ANGAD YADAVA Residing at Vill- Majhwalia, Post- Ubhaon, Teh- Belthara Road, Dist-Ballia, State- Uttar Pradesh, Pin-221715, have changed my Daughter name from DOLI to DOLI YADAV Vide Affidavit Date-08/04/2025 Before Nasirabad Court

वक्फ बिल 2025 पर अंजुमन कमेटी ने जताई आपत्ति

■ धार्मिक अधिकारों का बताया उल्लंघन

अजमेर, (कासं)। केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड बिल में किए गए संशोधन को लेकर ख्वाजा साहब दरगाह के प्रतिनिधि संस्था अंजुमन सैय्यद जादगान के प्रतिनिधियों ने वक्फ बिल 2025 को लेकर आपत्ति जताई है। बिल के कई प्रावधानों को संविधान के अनुच्छेद 14,15,26 और 29 का उल्लंघन बताते हुए धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला करार दिया है। इस कानून के जरिए सरकार वक्फ की संपत्तियों को कमजोर करने और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों में दखल देने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने सरकार से बिल को वापस लेने की मांग की है, साथ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से आक्रामक रुख अपनाने की अपील की। ख्वाजा साहब की दरगाह से जुड़ी खादिमों की संस्था अंजुमन सैय्यदजादगान के सचिव सरवर चिश्ती ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि वक्फ बिल 2025 में वक्फ बोर्ड के पदों के लिए पांच साल तक इस्लामी जीवनशैली अपनाने की शर्त रखी गई है, जिसे अनुचित बताते हुए सवाल उठाया जा रहा है कि इसकी निगरानी कैसे होगी। साथ ही वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है, चिश्ती ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अन्य धार्मिक समुदायों के बोर्ड में बाहरी हस्तक्षेप नहीं होता, तो फिर वक्फ बोर्ड में ऐसा क्यों किया जा रहा है।

शोभा यात्रा का स्वागत

अजमेर, (कासं)। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवामहिला संभाग अजमेर द्वारा गुरुवार को महावीर जयंती पर केसरगंज स्थित जैन मंदिर से निकलने वाले शोभायात्रा जुलूस का अजमेर के विभिन्न मार्गों पर स्वागत किया जाएगा। शोभा यात्रा का न्याबज़ार स्थित मनोकामना ज्वेलर्स के बाहर दिव्य घोष बजाकर आगवानी की जाएगी।

समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि समिति की वरिष्ठ सदस्य एवं कार्यक्रम संयोजक इंद्रा कासलीवाल के नेतृत्व में बीस सदस्यीय टीम एक से परिधान में आकर्षक धुन बजाते हुए समारोह को गरिमा प्रदान करेगी इस अवसर पर शोभा यात्रा के मुख्य आकर्षक आचार्य श्री भगवन 108 वसुनंदी महाराज का श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी, समिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं अजमेर संभाग के महामंत्री कमल गंगवाल एवं सदस्यों द्वारा पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया जाएगा।

परिसीमन को लेकर चहूं ओर आक्रोश ही आक्रोश

■ सात किलोमीटर दूर मोयणा पंचायत में शामिल करने का विरोध तो किसी अन्य जगहों में शामिल पर आक्रोश

मसूदा, (निसं)। पंचायत राज संस्थाओं के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन और नवसृजन की प्रक्रिया को लेकर काशीपुरा के ठ्ठामीणों में नाराजगी है। ठ्ठामीणों ने बुधवार को उपखंड अधिकारी मसूदा को ज्ञापन सौंपा। ठ्ठामीणों की मांग है कि उनके गांव को वर्तमान ठ्ठाम पंचायत देवपुरा में ही रखा जाए। ठ्ठामीणों का कहना है कि अभी तक उनका गांव ठ्ठाम पंचायत में शामिल है। यह गांव से सिर्फ तीन किलोमीटर की दूरी पर है। शासन और प्रशासन अब गांव को मोयणा ठ्ठाम पंचायत में जोड़ना चाहता है। काशीपुरा गांव मोयणा से सात किलोमीटर दूर है। ठ्ठामीणों का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से भेदभावपूर्ण है। इसमें राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दी गई है।

गांव वालों ने बताया कि पंचायत में रहते हुए उन्हें विकास कार्यों का लाभ मिला। सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलीं। अब यदि उन्हें मोयणा पंचायत में जोड़ा गया, तो विकास की गति धीमी हो जाएगी। दूरी ज्यादा होने से पंचायत से संपर्क भी मुश्किल होगा। ठ्ठामीणों ने कहा कि मोयणा पंचायत का में वहां अभी तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। ऐसे में मोयणा को वहां जोड़ना तर्कसंगत नहीं है। ठ्ठामीणों ने प्रशासन से मांग की कि गांव की वर्तमान स्थिति को यथावत रखा जाए। ज्ञापन देने पहुंचे ठ्ठामीणों में बुजुर्ग, महिलाएं और युवा शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे देवपुरा पंचायत में ही संतुष्ट हैं। नया बदलाव उन्हें मंजूर नहीं है। ठ्ठामीणों ने उपखंड अधिकारी से अपील की कि वे इस मामले में तुरंत संज्ञान लें।

AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED

Corporate Identification Number (CIN) – U40109RJ2000SGC016482
Registerd Office : Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004
Office of The Superintending Engineer (Civil)
Email-secivilavvnl@gmail.com ; http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl

No. : AVVNL/SE/CIVIL/AJM/FC: D : 70 Date : 08/04/2025

निविदा सूचना संख्या 01 (2025-26)

केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों में 'ए' व 'एए' श्रेणी तथा अ.वि.वि.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत, अनुभवी तथा माल एवं सेवाकर विभाग से पंजीकृत निविदाकारों से अधिशाषी अभियंता (सिविल/सिविल-QC), अजमेर/उदयपुर/सीकर/चितौडगढ के अधीन सिविल कार्यों के लिए निविदाऐं UBN No. AVV2425WSOB00001 to AVV2425WSOB00008 आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/598 अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)

कार्यालय ग्राम पंचायत कटसूरा, पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांकः ग्रा.प.क/निर्माण/2025-26/02 दिनांकः 09/04/2025

सीमित निविदा सूचना

पंचायत समिति अरांई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत कटसूरा में कार्य का नाम ग्राम कटसूरा में बस स्टैण्ड पर खुला तिबारा निर्माण के लिए सीमित निविदाएं आमंत्रित कि जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.inदेखा जा सकता है।

NIB NO. ZAJ2526A0022

UBN NO. ZAJ2526WSLB00022

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कटसूरा — प्रशासक ग्राम पंचायत कटसूरा

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-(अजमेर) राज

क्रमांकः न.प.कि./PWC/BPAS-2335/2025-365 **आम सूचना** दिनांकः 09/04/2025

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्रीमती भारती नामा पत्नि श्री प्रकाश नामा राजस्व ग्राम मदनगंज, खसरा सं. 770, 772, 773 के भूखण्ड सं. 73 व 74 का पार्ट क्षेत्रफल 141.39 वर्गगज 'विराट नगर' मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व : भूखण्ड सं. 73 एवं 74 का भाग पश्चिम - भूखण्ड सं. 75

उत्तर : अन्य कृषि भूमि दक्षिण - 30 फीट का रास्ता

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

अतः सूचित रहे। प्रभारी भवन निर्माण स्वीकृति नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान)

भीलवाडा रोड रोडवेज बस स्टैण्ड के पास

E-Mail ID-combebp@yahoo.in spbgulabpura@gmail.com Telephone No.01483-223079

क्रमांक न.पा.गु/कृषि-भूमि/2025/2101-03 **आपति आमंत्रण सुचना** दिनांक : 26.03.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि नियमन के तहत पट्टे प्राप्त किए जाने के लिए निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम-खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में लिखित रूप से आपतिकर्ता मय अपने दस्तावेजों के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अंतिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

क्र.सं	रजिस्टर क्रमांक	दिनांक	नाम आवेदक	खसरा नं.	भूखण्ड सं.	साईज	क्षेत्रफल	इकरारनामा/रजिस्ट्री
1.	147	29.7.24	श्रीमती बाली पत्नि श्री छोटू लाल बैरवा गुलाबपुरा	1471, 1472/1, 1472/2, 1472 मीन	08	25 30	83.33	रजिस्ट्री

अधिशाषी अधिकारी , नगरपालिका गुलाबपुरा

जैन मंदिरों में गूंजा नवकार मंत्र

अजमेर । विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बुधवार को विशेष आध्यात्मिक आयोजन किया गया। जिसमें 108 देशों के 6 हजार जैन मंदिरों, उपाश्रयों, स्थानकों और साधना केंद्रों में सामूहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप किया गया। वहीं इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीसी के माध्यम से संबोधित भी किया। अजमेर में नवकार मंत्र कार्यक्रम मेरवाड़ा एस्टेट में आचार्य वसुनंदी मुनिराज ससंघ के सानिध्य में हुआ, जिसमें शहर के करीब पांच हजार से अधिक जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए, इनमें जैन समुदाय के साथ अन्य धर्मों के अनुयायी भी मौजूद रहे। जीतो अजमेर के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस अवसर पर विश्वभर में एक साथ नवकार मंत्र का उच्चारण किया गया। इस अनुष्ठान का उद्देश्य विश्व व देश में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक की उन्नति को बढ़ावा देना रहा। वीसी से जुड़े प्रधानमंत्री मोदी : देश-विदेश के विभिन्न साधना केंद्रों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े, उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवकार मंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

पेंशनरों ने पीएम व वित्त मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अरांई में